
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

# Rearrangement of Sentences for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

## Hindi Rearrangement Quiz 7

**दिशा निर्देश: निम्नलिखित छः (A, B, C, D, E तथा F) वाक्यों को व्यवस्थित कर एक सार्थकपूर्ण लेख बनाएं, और पूछे गए निम्न प्रश्नों के उत्तर दें।**

A. चीन की धोखेबाजी, षड्यंत्र और बर्बरता से क्रुद्ध और उससे निपटने की मानसिकता में खड़े देश को समझने में कांग्रेस नेतृत्व फिर विफल रहा।

B. राजनीतिक व्यवहार का सर्वमान्य मानक यही है कि अगर किसी देश से विवाद, तनाव और टकराव हो तो उस समय सभी पार्टियों को सारे मतभेद भुलाकर दुश्मन देश के विरुद्ध एकजुटता दिखानी चाहिए।

C. कांग्रेस नेतृत्व भले ही इसे स्वीकार न करे, लेकिन चीन-भारत तनाव के बीच अपनी भूमिका के कारण उसने आम भारतीय को अपना विरोधी बना लिया है।

D. बयानों में गैर जिम्मेदारी और उनका समर्थन करते नेताओं के ट्वीट, वक्तव्य तथा टीवी बहसों में दिए जा रहे तर्कों को नासमझी और गैर ज़िम्मेदारी के प्रदर्शन के अतिरिक्त कुछ नहीं कहा जा सकता।

E. और फिर यहां तो हमारे 20 जवानों की वीरगति का भावनात्मक उफान वाला पहलू भी जुड़ा है।

F. इससे यह स्पष्ट है कि अपनी पहले की ग़लतियों में सुधार कर जन सहानुभूति पाने का बहुत बड़ा अवसर कांग्रेस ने गँवा दिया है।

**1. पुनर्व्यवस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में पहला वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**2. पुनर्व्यवस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में पांचवां वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**3. पुनर्व्यवस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में तीसरा वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**4. पुनर्व्यवस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में दूसरा वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**5. पुनर्व्यवस्थित करने के बाद उपरोक्त पद में चौथा वाक्य क्या होगा?**

A B C D E

**विस्तृत विवरण(Common Explanation):**

दिए गए वाक्यों को पढने से यह ज्ञात होता है कि गद्यांश भारत-चीन विवाद पर कांग्रेस की नकारात्मक प्रतिक्रिया पर आधारित है। अत: पद का प्रारंभिक वाक्य, वाक्य C होगा जिसमें स्पष्ट रूप से कांग्रेस को जनता की दृष्टि में देश विरोधी कहा गया है। वाक्य C का समर्थन करते हुए वाक्य A भी समान विचार को प्रकट करता है। वाक्य B और E संयोजित वाक्य है जिसे 'और' के द्वारा आपस में जोड़ा जा सकता है। यहाँ वाक्य B, वाक्य E से पूर्व आयेगा। वाक्य B पद का तीसरा वाक्य इसलिए है क्योंकि यह कांग्रेस के अनुपयुक्त व्यवहार को साबित करते हुए तर्क प्रस्तुत करता है। पद का अंतिम वाक्य, वाक्य F होगा क्योंकि यह पूरे पद का सार बताता है।

**सही क्रम (CABEDF) :**

C. कांग्रेस नेतृत्व भले ही इसे स्वीकार न करे, लेकिन चीन-भारत तनाव के बीच अपनी भूमिका के कारण उसने आम भारतीय को अपना विरोधी बना लिया है।

A. चीन की धोखेबाजी, षड्यंत्र और बर्बरता से क्रुद्ध और उससे निपटने की मानसिकता में खड़े देश को समझने में कांग्रेस नेतृत्व फिर विफल रहा।

B. राजनीतिक व्यवहार का सर्वमान्य मानक यही है कि अगर किसी देश से विवाद, तनाव और टकराव हो तो उस समय सभी पार्टियों को सारे मतभेद भुलाकर दुश्मन देश के विरुद्ध एकजुटता दिखानी चाहिए।

E. और फिर यहां तो हमारे 20 जवानों की वीरगति का भावनात्मक उफान वाला पहलू भी जुड़ा है।

D. बयानों में गैरजिम्मेदारी और उनका समर्थन करते नेताओं के ट्वीट, वक्तव्य तथा टीवी बहसों में दिए जा रहे तर्कों को नासमझी और गैर ज़िम्मेदारी के प्रदर्शन के अतिरिक्त कुछ नहीं कहा जा सकता।

F. इससे यह स्पष्ट है कि अपनी पहले की ग़लतियों में सुधार कर जन सहानुभूति पाने का बहुत बड़ा अवसर कांग्रेस ने गँवा दिया है।

Smartkeeda
The Question Bank

**Answer:**

1. पहला वाक्य, वाक्य C है।
   अत: विकल्प B सही है।

2. पांचवां वाक्य, वाक्य D है।
   अत: विकल्प A सही है।

3. तीसरा वाक्य, वाक्य B है।
   अत: विकल्प C सही है।

4. दूसरा वाक्य, वाक्य A है।
   अत: विकल्प C सही है।

5. चौथा वाक्य, वाक्य E है।
   अत: विकल्प D सही है।

SmartKeeda
The Question Bank

Presents

# TestZone

India's least priced Test Series platform

JOIN

## ALL BANK EXAMS

2020-2021 Test Series

@ Just

₹599/-

**300+ Full Length Tests**

- Brilliant Test Analysis
- Excellent Content
- Unmatched Explanations

JOIN NOW